# दुष्प्रभावों से बच कर करें नई तकनीक का प्रयोग

गोहाना मुद्रिका, 18 सितंबर : बी.पी.एस. इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग की बी.एस.सी. कम्प्यूटर साइंस के पांचवें सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा" सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव" विषय पर एक स्किट प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सोशल मीडिया के अति-उपयोग एवं असुरक्षित प्रयोग से होने वाले हानिकारक परिणामों से जागरूक करना तथा संतुलित और जिम्मेदाराना ऑनलाइन व्यवहार को बढ़ावा देना था।

छात्राओं ने अपनी सशक्त अभिनय शैली और प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया कि सोशल मीडिया का प्रयोग संयमित, सुरक्षित और सकारात्मक तरीके से किया जाना चाहिए।

स्किट प्रस्तुति में हर्षिता, अनुष्का, मुस्कान, तनु एवं काजल की मुख्य भूमिका रही। स्किट की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. सुषमा जोशी ने की। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचकर तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस( ए.आई.) जैसी आधुनिक तकनीकों का सदुपयोग कर आगे बढ़ना चाहिए, तभी राष्ट्र प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। संचालन डॉ. विजय कुमार मलिक एवं डॉ. अंजु कुमारी ने किया।

पंजाब केसरी
FRI,19 SEPTEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1



*स्किट प्रस्तुत करने वाली छात्राएं प्रिंसिपल डॉ. सुषमा जोशी के साथ। (अरोड़ा)*

# सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बच कर करें नई तकनीक का प्रयोग : डॉ. जोशी

गोहाना, 18 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. इंस्टीच्यूट ऑफ हायर लर्निंग की बी.एससी. कम्प्यूटर साइंस के 5वें सेमैस्टर की छात्राओं द्वारा 'सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव' विषय पर एक स्किट प्रस्तुत की गई।

प्रस्तुति का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सोशल मीडिया के अति-उपयोग एवं असुरक्षित प्रयोग से होने वाले हानिकारक परिणामों से जागरूक करना तथा संतुलित और जिम्मेदाराना ऑनलाइन व्यवहार को बढ़ावा देना था। छात्राओं ने अपनी सशक्त अभिनय शैली और प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया कि सोशल मीडिया का प्रयोग संयमित, सुरक्षित और सकारात्मक तरीके से किया जाना चाहिए।

स्किट प्रस्तुति में हर्षिता, अनुष्का, मुस्कान, तनु एवं काजल की मुख्य भूमिका रही। स्किट की अध्यक्षता प्रिंसीपल डॉ. सुषमा जोशी ने की।

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचकर तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजैंस (ए.आई.) जैसी आधुनिक तकनीकों का सदुपयोग कर आगे बढ़ना चाहिए, तभी राष्ट्र प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है।

संचालन डॉ. विजय कुमार मलिक एवं डॉ. अंजु कुमारी ने किया। इस अवसर पर बी.एससी. कम्प्यूटर साइंस के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं ने भी प्रस्तुति का अवलोकन किया और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचने की प्रेरणा ली। इस अवसर पर उपासना, प्रो. सुमन एवं कोमल भी उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी
FRI,19 SEPTEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# पोषण माह का फोकस 'जीवन के प्रथम 1000 दिन' पर : डॉ. नायक



सुमिता सिंह डॉ. ए.पी. नायक को तुलसी का पौधा भेंट करते हुए।(अरोड़ा)

गोहाना, 18 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पोषण माह 2025 के अंतर्गत एम.एस.एम. इंस्टीच्यूट ऑफ आयुर्वेद द्वारा 'सही पोषण, स्वस्थ जीवन' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसीपल सुमिता सिंह ने की। मुख्य अतिथि एम.एस.एम. इंस्टीच्यूट ऑफ आयुर्वेद के प्रिंसीपल डॉ. ए.पी. नायक रहे।

डॉ. नायक ने कहा कि पोषण माह 2025 का आधिकारिक फोकस 'जीवन के प्रथम 1000 दिन' पर है, जिसमें मातृ एवं शिशु पोषण को बढ़ावा देना तथा डिजिटल पोषण ट्रैकर के उपयोग को प्रोत्साहित करना शामिल है। डॉ. दीपमाला ने कहा कि आयुर्वेद में ऋतुओं के अनुसार खानपान का विशेष महत्त्व बताया गया है और हमें घर का बना शुद्ध एवं सात्विक भोजन ही ग्रहण करना चाहिए।

सुमिता सिंह ने कहा कि एम.एस.एम. इंस्टीच्यूट ऑफ आयुर्वेद की टीम द्वारा इस पोषण माह में छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ उनकी स्वास्थ्य जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन मनीषा एवं नीलम ने किया।

पंजाब केसरी
FRI, 19 SEPTEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# बदलती चुनौतियों का सामना करने के लिए अपडेट रहना जरूरी : प्रो. यादव



*प्रतिभागियों में प्रमाणपत्र वितरित करते हुए प्रो. शिवालिक यादव। (अरोड़ा)*

गोहाना, 18 सितंबर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए चल रहा 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया।

आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ और ट्रेनिंग सैल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. अशोक वर्मा ने की जबकि मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव रहे। विभिन्न विभागों के 44 कर्मचारियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि प्रशिक्षण केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह हमारी कार्यकुशलता, अनुशासन और संस्थागत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

आज के समय में बदलती चुनौतियों का सामना करने के लिए कर्मचारियों का समय-समय पर अपडेट रहना अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण से अपने कार्यक्षेत्र में नई ऊर्जा, नई दृष्टि और नई कार्यशैली अपनाने की प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर डॉ. सोनल बेनीवाल, कुलदीप सिंह, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# बीपीएस इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग में नाट्य प्रस्तुति

गोहाना, 19 सितम्बर (रामनिवास धीमान): भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग की बी.एस सी. कम्प्यूटर साइंस की छात्राओं द्वारा सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव विषय पर एक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति (स्किट) का आयोजन किया जिसमें कार्यक्रम संयोजक डॉ विजय मलिक ने बताया कि इस प्रस्तुति का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सोशल मीडिया के अति-उपयोग एवं असुरक्षित प्रयोग से होने वाले हानिकारक परिणामों से जागरूक करना तथा संतुलित और जिम्मेदाराना ऑनलाइन व्यवहार को बढ़ावा देना था। छात्राओं ने अपनी सशक्त अभिनय शैली और प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया कि सोशल मीडिया का प्रयोग संयमित, सुरक्षित और सकारात्मक तरीके से किया जाना चाहिए। स्किट प्रस्तुति में हर्षिता,अनुष्का मुस्कान,तनु एवं काजल की मुख्य भूमिका रही। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी ने छात्राओं को कहा कि युवा पीढ़ी को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचकर तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस( एआई ) जैसी आधुनिक तकनीकों का सदुपयोग कर आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर बी.एससी. कम्प्यूटर साइंस के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं ने भी प्रस्तुति का अवलोकन किया।


**सार्वजनिक सूचना**

मैं, चम्बा राम पुत्र जम्मू राम निवासी गांव बलियाला, तहसील रतिया, जिला फतेहाबाद ब्यान करता हूं कि मैंने मेरी पुत्री सुमन को दिनांक 11.09.2025 को बेदखल किया था। अब मैं उक्त बेदखली को रद्द करता हूं। अब से मेरी पुत्री सुमन मेरी हर प्रकारी की संपत्ति की वारिसान होगी। उसके लेन-देन की मेरी हर प्रकार से जिम्मेवारी होगी।

प्रार्थकर्ता

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, रुचि देवी पत्नी श्री सूरज शर्मा, निवासी मकान संख्या 1, कांसापुर रोड, भगवती कॉलोनी, यमुनानगर, घोषणा करती हूं कि मूल विक्रय विलेख संख्या 5561 दिनांक 03.01.1989 और विक्रय विलेख संख्या 422 दिनांक 25.04.2008, जिला न्यायालय जगाधरी में दिनांक 19.09.2025 को खो गए है। डीडीआर संख्या ( 132400502502849 ) दर्ज कर दी गई है। ये विक्रय विलेख किसी भी बैंक/एनबीएफसी में गिरवी नहीं रखे गए है। अगर किसी को ये विक्रय विलेख मिले तो कृपया मोबाइल नंबर 9034324712 पर संपर्क करें।




प्राचार्य सुमिता सिंह अतिथियों का स्वागत करते हुए।

# पोषण माह के तहत व्याख्यान का आयोजन

गोहाना, 19 सितम्बर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पोषण माह 2025 के अंतर्गत एम.एस.एम. इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद द्वारा 'सही पोषण, स्वस्थ जीवन' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य सुमिता सिंह व संचालन मनीषा एवं नीलम ने किया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ए. पी. नायक, प्राचार्य एम.एस.एम. इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. नायक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पोषण माह 2025 का आधिकारिक फोकस जीवन के प्रथम 1000 दिन पर है, जिसमें मातृ एवं शिशु पोषण को बढ़ावा देना तथा डिजिटल पोषण ट्रैकर के उपयोग को प्रोत्साहित करना शामिल है। डॉ. दीपमाला ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें घर का बना शुद्ध एवं सात्विक भोजन ही ग्रहण करना चाहिए। प्राचार्य सुमिता सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि एम.एस.एम. इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद की टीम द्वारा इस पोषण माह में छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ उनकी स्वास्थ्य जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

# नई चुनौतियों का सामना करने के लिए अपडेट रहना आवश्यक

## कार्यक्रम से नई दृष्टि और नई कार्यशैली अपनाने की प्रेरणा मिली

**प्रशिक्षण**
**अनुशासन व संस्थागत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल**



गोहाना। प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र भेंट करते कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ व ट्रेनिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के समापन समारोह की अध्यक्षता प्रो. अशोक वर्मा ने की। कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं था अपितु यह हमारी कार्यकुशलता, अनुशासन और संस्थागत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। आज के समय में बदलती चुनौतियों का सामना करने के लिए कर्मचारियों का समय-समय पर अपडेट रहना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम से कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में नई ऊर्जा, नई दृष्टि और नई कार्यशैली अपनाने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम में विवि कंप्यूटर सेंटर की निदेशक डॉ. सोनल बेनीवाल, ट्रेनिंग सेल के नोडल अधिकारी कुलदीप सिंह व प्रशिक्षक सुनील कुमार मौजूद रहे।

### व्याख्यान का आयोजन

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विवि के कन्या गुरुकुल वमावि में पोषण माह- 2025 के अंतर्गत एमएसएम इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद द्वारा सही पोषण, स्वस्थ जीवन विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या सुमिता सिंह ने की। मुख्य अतिथि एमएसएम संस्थान के प्राचार्य डॉ. एपी नायक थे। डॉ. नायक ने छात्राओं को संबोधित करते कहा कि पोषण माह 2025 का आधिकारिक फोकस जीवन के प्रथम 1000 दिनों पर है। इन दिनों में मातृ एवं शिशु पोषण को बढ़ावा देना तथा डिजिटल पोषण ट्रैकर के उपयोग को प्रोत्साहित करना शामिल है।

# सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचें, इसका सदुपयोग करें

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग की बीएससी कम्प्यूटर साइंस की छात्राओं द्वारा सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव विषय पर एक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति देते जागरूकता संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी ने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचकर तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी आधुनिक तकनीकों का सदुपयोग कर आगे बढ़ना चाहिए। इसके बाद ही हम अपने राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर आगे ले सकते हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ विजय मलिक ने बताया कि इस प्रस्तुति का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सोशल मीडिया के अति उपयोग एवं असुरक्षित प्रयोग से होने वाले हानिकारक परिणामों से जागरूक करना था।